# राजस्थान समसामयिकी दिसम्बर , 2025

संजीव Telegram, App एवं वेबसाइट से निःशुल्क डाउनलोड करें
राजस्थान की आर्थिक समीक्षा एवं बजट का सार संग्रह;
राजस्थान, राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी ( प्रत्येक माह )
साथ ही संजीव App एवं वेबसाइट से आप
Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।
visit us at : www.sanjivprakashan.com

# राजस्थान समसामयिकी दिसम्बर, 2025
# (Current News from Daily Newspapers)

## Newspaper of 1 December, 2025

- **नवम्बर, 2025 में राजस्थान के बीकानेर स्थित महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में भारत और ब्रिटेन के बीच 14 दिवसीय संयुक्त सैन्य अभ्यास 'अजेयवारियर-25' का आयोजन हुआ। रेगिस्तानी क्षेत्र में किए गए इस अभ्यास मैच में दोनों देशों के 240 सैनिक शामिल हुए। भारतीय सेना की सिख रेजीमेंट और ब्रिटिश आर्मी की चौथी लाइट ब्रिगेड की द्वितीय बटालियन, रॉयल गोरखा राइफल्स ने भागीदारी की। अभ्यास का उद्देश्य आतंकवाद-रोधी अभियानों को अधिक प्रभावी बनाना था। सैनिकों ने हाइब्रिड युद्ध मल्टी-डोमेन ऑपरेशंस का प्रशिक्षण लिया। डीआरडीओ के म्यूल सिस्टम ड्रोन का प्रदर्शन किया गया।**

## Newspaper of 2 December, 2025

- **मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत राज्य में 21 लाख पशुओं का निःशुल्क बीमा किया जाना है। इस योजना के अन्तर्गत 2025-26 के लिए 1 दिसम्बर, 2025 से बीमा का कार्य प्रारम्भ हुआ है। इस वर्ष का पहला बीमा अजमेर के जीरोता गाँव की सुरता देवी की दो भैंसों के लिए सफलतापूर्वक हुआ है। इस वर्ष बीमा के कार्य में लाने के उद्देश्य से प्रक्रिया में कुछ परिवर्तन किए गए हैं। इस वर्ष पहले आओ पहले पाओ के आधार पर बीमा का काम होगा जबकि पिछले वर्ष यह लॉटरी द्वारा किया गया था।**

## Newspaper of 3 December, 2025

- **अपूर्वा एप से कैंसर पेशेंट की रियल टाइम निगरानी आसान–**

जयपुर के भगवान महावीर कैंसर अस्पताल की गाइनेकोलॉजिक ऑन्कोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. अपूर्वा टाक ने 'अपूर्वा' नामक स्मार्टफोन ऐप को पेश किया है। इससे कैंसर पेशेंट की रियल टाइम मॉनिटरिंग आसान हो जाएगी। डॉक्टर और मरीज के बीच बेहतर संवाद हो सकेगा और सही समय पर इलाज शुरू किया जा सकेगा। यह ऐप क्लीनिकल ट्रायल्स में डेटा संग्रह के लिए भी उपयोगी होगा। उन्होंने यह ऐप दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन में हुई इंटरनेशनल गायनाकोलॉजिकल कैंसर सोसायटी की ग्लोबल समिट में प्लेनरी सेशन में पेश किया। डॉ. अपूर्वा इस समिट में भारत की ओर से प्रस्तुति देने वाली एकमात्र डॉक्टर थीं। ऐप को मरीज-केंद्रित डिजिटल केयर की दिशा में नई शुरुआत बताया गया।

- **राजभवन का नाम अब लोकभवन होगा–**

2 दिसम्बर, 2025 को **राज्यपाल** श्री हरिभाऊ बागड़े द्वारा जारी आदेशों के तहत राजभवन को अब 'लोकभवन' के नाम से जाना जाएगा।

- राज्यपाल बागड़े द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई है। एक दिसम्बर, 2025 से यह अधिसूचना प्रभावी रहेगी।
- राज्यपाल ने कहा कि औपनिवेशिक मानसिकता से लोकतांत्रिक भारतीय संस्कृति की ओर आगे बढ़ने की दिशा में 'लोकभवन' नामकरण बहुत बड़ी पहल है।
- भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक राष्ट्र है।
- हमारे देश के संविधान की उद्देशिका ही 'हम भारत के लोग' से प्रारंभ होती है।
- लोकतंत्र में लोक ही प्रमुख है, इसलिए राज्यपाल का कार्यस्थल अब 'लोकभवन' नाम से जाना जाएगा।
- लोकभवन केवल नामकरण नहीं, बल्कि लोगों की भावनाओं, लोक आकांक्षाओं का प्रतीक है।
- राज्यपाल ने कहा कि 'राज' शब्द ब्रिटिश शासन के अवशेषों की याद दिलाता है। इसीलिए केन्द्र सरकार की पहल पर यह बड़ा बदलाव किया गया है।

- **राज्य सरकार ने 70 लाख लीटर की दूध प्रसंस्करण क्षमता के लिए 1 हजार करोड़ रुपये का फंड गठित किया–**

**प्रदेश** में दुग्ध प्रसंस्करण की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है।

- वर्तमान में 48 लाख लीटर प्रतिदिन की प्रसंस्करण क्षमता को बढ़ाकर 54 लाख लीटर प्रतिदिन किया गया है।
- आगामी दो वर्षों में इस क्षमता को 70 लाख लीटर प्रतिदिन तक बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।
- इस लक्ष्य की प्राप्ति के क्रम में आरसीडीएफ (राजस्थान कॉपरेटिव डेयरी फेडरेशन) द्वारा लगभग 1000 करोड़ रुपये का इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड गठित कर कोटा, भरतपुर, अलवर, उदयपुर तथा जोधपुर स्थित दुग्ध संयंत्रों के उन्नयन का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## Newspaper of 4 December, 2025

■ **राजस्थान सरकार ने अनुकम्पात्मक नियुक्ति आवेदन की समय सीमा में वृद्धि की–**

वर्तमान में **मृतक** सरकारी कर्मचारी के आश्रित को वर्तमान नियमों में अनुकम्पा नियुक्ति के लिए सरकारी कार्मिक की मृत्यु की दिनांक से 90 दिन की समय सीमा में आवेदन करना होता है।

- राजस्थान सरकार ने अनुकम्पा नियुक्ति के लिए आवेदन करने की समय सीमा को 90 दिवस से बढ़ा कर 180 दिवस किया है।
- इसके लिए राजस्थान मृत सरकारी कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकम्पात्मक नियुक्ति के नियम, 1996 में संशोधन किया जाएगा।
- इस संशोधन से मृतक सरकारी कर्मचारियों के आश्रित को अनुकम्पा नियुक्ति के लिए विभिन्न दस्तावेज, शपथ पत्र तैयार करने में पर्याप्त समय मिल सकेगा।
- मृत अथवा स्थायी रूप से अशक्त सशस्त्र बल सेवा कार्मिकों और पैरा मिलिट्री कार्मिकों के आश्रितों को अनुकम्पात्मक नियुक्ति दिए जाने संबंधी 7 दिसम्बर, 2022 की अधिसूचना, 8 अगस्त 2022 को जारी उत्तराखंड त्रासदी-2023 में मृत या लापता होने के पश्चात मृत घेषित किए गए व्यक्तियों के आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति की अधिसूचना और कोविड-19 संक्रमण के कारण अनाथ हुए व्यक्तियों को अनुकम्पा नियुक्ति देने के लिए 6 फरवरी, 2024 को जारी अधिसूचना को विविध सेवा नियमों में शामिल किया गया है।
- इन अधिसूचनाओं के प्रावधानों को अब राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ, लिपिकवर्गीय और चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्तें) नियम, 2014 में शामिल किया गया है।

## Newspaper of 6 December, 2025

■ **5 दिसम्बर, 2025 को सीएम भजनलाल शर्मा ने गन्ने के समर्थन मूल्य में 15 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की घोषणा की। अब उत्तम श्रेणी का गन्ना राजस्थान में 401 से 416 रुपए प्रति क्विंटल में खरीदा जाएगा। इस घोषणा के साथ ही राजस्थान देश में गन्ने का सबसे अधिक समर्थन मूल्य देने वाला राज्य बन गया। गन्ने का हरियाणा में 415 रुपए और पंजाब में 401 रुपए प्रति क्विंटल मूल्य है।**

■ **किसान सम्मान निधि राजस्थान में प्रतिवर्ष ₹ 3000 और बढ़ेगी, अब किसानों को प्रतिवर्ष ₹ 12,000 मिलेंगे–**

5 दिसम्बर, 2025 को राजस्थान के सीएम ने श्रीगंगानगर में आयोजित गंगनहर शताब्दी समारोह के दौरान किसान सम्मान निधि में प्रतिवर्ष 3,000 रुपए की ओर बढ़ोतरी की घोषणा की अब किसानों को प्रदेश में प्रतिवर्ष ₹ 12000 (₹ 6000 केन्द्र सरकार व ₹ 6000 राज्य सरकार से मिलेंगे)।

## Newspaper of 7 December, 2025

■ **रूफ टॉप सोलर को बढ़ावा देने के लिए सिटी एक्सीलरेटर प्रोग्राम–**

हाल ही में नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने पीएम सूर्यघर योजना के तहत रूफ टॉप सोलर इंस्टॉलेशन को बढ़ावा देने के लिए सिटी एक्सीलरेटर कार्यक्रम शुरू किया है।

- इसके तहत देश के 100 शहरों का चयन किया गया है।
- प्रदेश के जयपुर, जोधपुर, अजमेर और उदयपुर शहर इसमें शामिल किए गए हैं।
- प्रोग्राम के तहत इन शहरों में जागरूकता गतिविधियों, वेंडर्स को प्रशिक्षण आदि के माध्यम से लोगों को रूफ टॉप सोलर लगाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

**सर्वाधिक संयंत्र स्थापित करने वाले जिले**

जयपुर – 15,932
उदयपुर – 5,794
जोधपुर – 6,436
अजमेर – 2759

### रियायती दर पर बैंक ऋण

पीएम सूर्यघर योजना के तहत बैंकों द्वारा 5.75% की ब्याज दर से ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है।

- चेयरमैन डिस्कॉम्स ने निर्देश दिए कि प्रोग्राम से जुड़े स्टेक होल्डर्स आमजन में इस बात की जागरूकता लाएं।
- साथ ही, उन बाधाओं को चिह्नित करें, जिनके कारण कई बार पंजीयन के बाद भी आवेदक सोलर इंस्टॉलेशन कराने के लिए प्रेरित नहीं हो पाते हैं।
- प्रदेश में पीएम सूर्यघर योजना के तहत 1 लाख 9 हजार से अधिक रूफ टॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए गए हैं।

## Newspaper of 10 December, 2025

■ **रणथम्भौर से मुकुंदरा तक चीता कॉरिडोर बनेगा, प्रदेश का 37% क्षेत्र शामिल; राजस्थान और मध्यप्रदेश ने 17 हजार वर्ग किमी क्षेत्र किया चिह्नित–**

राजस्थान और मध्य प्रदेश दोनों राज्यों के वन क्षेत्रों को मिलाकर एक विशेष चीता कॉरिडोर तैयार किया जा रहा है। इस कॉरिडोर को बनाने के लिए दोनों राज्यों ने कुल 17,000

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

वर्ग किलोमीटर क्षेत्र चिह्नित किया है। इसमें राजस्थान का 6,500 वर्ग किमी. हिस्सा है। जो कि 37% है, जबकि मध्य प्रदेश को 10,500 वर्ग किमी. के साथ 61% से अधिक क्षेत्र मिलेगा।

### ये अभयारण्य कॉरिडोर में शामिल

कूनो-गाँधीसागर चीता लैंडस्केप के नाम से तैयार होने वाले इस कॉरिडोर में कई प्रमुख अभयारण्यों को शामिल किया गया है। इनमें बस्सी, भैंसरोड़गढ़ (चित्तौड़गढ़), रणथम्भौर (सवाईमाधोपुर), मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व (कोटा), रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व (बूंदी), करौली-धौलपुर टाइगर रिजर्व, चंबल घड़ियाल अभयारण्य और शेरगढ़ अभयारण्य (बारां) शामिल हैं। इन सभी स्थानों पर चीतों के लिए उपयुक्त पर्यावास उपलब्ध है, जहाँ उन्हें आराम से बसाया जा सकेगा।

## ■ सांगानेर में जयपुर जिले का पहला राजकीय विधि महाविद्यालय प्रारंभ हुआ–

हाल ही में सांगानेर क्षेत्र में जयपुर जिले का प्रथम राजकीय विधि महाविद्यालय प्रारंभ किया गया है।

- इस महाविद्यालय में तीन वर्षीय एल.एल.बी. पाठ्यक्रम का संचालन किया जाएगा, जिसकी 120 सीटों पर प्रवेश के लिए बार काउंसिल ऑफ इंडिया से अनुमति प्राप्त हो चुकी है तथा प्रवेश प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गई है।

### भवन के लिए 4.50 करोड़ रुपये स्वीकृत

**राज्य** सरकार द्वारा विधि महाविद्यालय के भवन के लिए 4.50 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की जा चुकी है तथा शीघ्र ही भूमि आवंटन की प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण कार्य के लिए टेण्डर जारी कर दिए जाएंगे। स्थाई भवन निर्मित होने तक अस्थाई तौर पर महाविद्यालय का संचालन शहीद पुनीत नाथ दत्त राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में किया जा रहा है।

**Newspaper of 11 December, 2025**

## ■ प्रवासी राजस्थानियों के हितों के लिए नए विभाग का गठन–

हाल ही में राजस्थान में प्रवासी राजस्थानियों के हितों के लिए 'राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रवासी राजस्थानी मामले विभाग' का गठन किया गया है।

- यह विभाग संवाद सहयोग, निवेश तथा सांस्कृतिक जुड़ाव को बढ़ाने के लिए एक प्रभावी मंच के रूप में कार्य करेगा।
- इसी क्रम में 'प्रवासी राजस्थानी नीति' जारी की गई है, जो विश्वभर में बसे राजस्थानियों को पहचान, सुविधा और निवेश के लिए रोडमैप प्रदान करेगी।

## ■ पहले प्रवासी राजस्थानी दिवस-2025 (10 दिसम्बर-2025) को 9 प्रवासी विभूतियों को प्रवासी राजस्थानी सम्मान से नवाजा गया–

**जयपुर** के जेईसीसी सभागार में प्रदेश के पहले प्रवासी राजस्थानी दिवस-2025 के ऐतिहासिक कार्यक्रम में देश-विदेश में विशिष्ट उपलब्धियाँ हासिल करने पर प्रवासी राजस्थानियों अनिल अग्रवाल, कुमार मंगलम बिड़ला, विनीत मित्तल, अजय पीरामल, माधव सिंघानिया, पूनमचंद राठी, नरसी कुलरिया, सी.एम. मूंदड़ा और प्रदीप राठौड़ को 'प्रवासी राजस्थानी सम्मान' से सम्मानित किया गया।

- प्रवासी राजस्थानियों और राज्य के बीच भावनात्मक जुड़ाव तथा साझा सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने वाली एक विशेष फिल्म भी प्रदर्शित की गई।
- 1 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों की ग्रांउड ब्रेकिंग की गई, जिससे राइजिंग राजस्थान समिट के बाद से धरातल पर उतरी परियोजनाओं की कुल राशि बढ़ाकर 8 लाख करोड़ रुपये पहुँच गई।

## ■ 10 दिसम्बर, 2025 को नवनियुक्त राज्य सूचना आयुक्त सुनील शर्मा को राज्य सूचना भवन में मुख्य सूचना आयुक्त मोहन लाल लाठर ने पद एवं गोपनियता की शपथ दिलाई। भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी सुनील शर्मा को राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने 8 दिसम्बर, 2025 को अधिसूचना जारी कर राज्य सूचना आयुक्त को पद पर नियुक्ति प्रदान की थी।

**Newspaper of 13 December, 2025**

## ■ अलवर की सिलीसेढ़ झील देश की 95वीं रामसर साइट बनी–

हाल ही में अलवर (राज.) स्थित सिलीसेढ़ झील को आर्द्रभूमि पर कन्वेंशन के तहत रामसर साइट के रूप में घोषित किया गया है। देश में यह झील 95वीं रामसर साइट बनी है। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर के पास स्थित कोपरा जलाशय को भी रामसर साइट के रूप में मान्यता प्रदान की गई है। यह उपलब्धि जैव-विविधता संरक्षण, जल एवं जलवायु सुरक्षा और सतत आजीविका को प्रोत्साहन देने की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है।

### क्या है रामसर साइट

**रामसर** साइट का अर्थ ऐसी आर्द्रभूमि (गीली भूमि) से है जिसे अंतरराष्ट्रीय महत्त्व का दर्जा दिया जाता है ताकि उसका संरक्षण, प्रबंधन और संसाधनों का समझदारी से उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। रामसर साइट का दर्जा स्थानीय और वैश्विक पारिस्थितिकी तंत्र, दोनों के लिए महत्त्वपूर्ण है।

**इसके लाभ...**

- जैव-विविधता का संरक्षण
- जल प्रबंधन में सुधार
- बाढ़ नियंत्रण
- जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटना (जैसे कार्बन अवशोषण) प्रवासी पक्षियों को सुरक्षित आवास उपलब्ध कराना।

## Newspaper of 15 December, 2025

- **राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित हो रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में स्वायत्त शासन विभाग एवं पंचायती राज विभाग द्वारा प्रदेश के सभी नगरीय निकायों, जिला एवं पंचायत स्तर पर स्वच्छता जागरूकता एवं श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत सभी नगर निगम, नगर परिषदों एवं नगर पालिकाओं में स्वच्छता रैलियाँ, शैक्षणिक संस्थानों में जागरूकता सत्र, वार्ड-स्तरीय स्वच्छता शपथ, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, कचरा पृथक्करण संबंधी अभियान, बाजारों में विशेष सफाई ड्राइव और प्लास्टिक मुक्त शहरों के लिए जन-जागरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ।**

- **राजस्थान को मिला एक्सीलेंस इन विंड एवं हाईब्रिड पॉलिसी पुरस्कार**

देश की सौर एवं अक्षय ऊर्जा क्षमता वृद्धि में अहम योगदान के लिए राजस्थान को वर्ष 2024 में गुजरात में आयोजित आरई-इन्वेस्ट समिट में क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

- इसी तरह हाल ही में नवम्बर माह में चेन्नई में हुए विंडर्जी इंडिया-2025 सम्मेलन में भी राजस्थान को एक्सीलेंस इन विंड एवं हाईब्रिड पॉलिसी पुरस्कार प्रदान किया गया है।
- यह स्पष्ट करता है कि भारत अब तेजी से हरित ऊर्जा की ओर बढ़ रहा है और राजस्थान इस बदलाव का आधार स्तंभ बन गया है।

- **राजस्थान के 42 हजार 492 गाँव ओडीएफ प्लस घेषित किए गए–**

प्रदेश में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत 2 लाख 62 हजार व्यक्तिगत तथा 4 हजार से अधिक सामुदायिक शौचालयों का निर्माण हुआ है। 42 हजार 492 से अधिक गाँवों को ओडीएफ प्लस घोषित किया जा चुका है।

## Newspaper of 16 December, 2025

- **दिसंबर, 2025 में पुलिसकर्मियों को ट्रेनिंग देने के मामले में राजस्थान पुलिस अकादमी (आरपीए) देश की सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षक संस्थान बन गई। भारत सरकार के उपक्रम क्षमता विकास आयोग ने आरपीए को उत्कृष्ट संस्थान का दर्जा दिया है। अब यह देश के शीर्ष पाँच सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण संस्थानों में शामिल है।**

## Newspaper of 17 December, 2025

- **राजस्थान में 7 नए राजकीय महिला सैनिक स्कूल खोले जाऐंगे–**

राजस्थान में 7 नए राजकीय महिला सैनिक स्कूल खोले जाऐंगे, जो राज्य के सभी 7 संभागों (जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, कोटा, अजमेर, बीकानेर और भरतपुर) में स्थापित होंगे। बीकानेर में राजमलसर एक जगह है, जहाँ सैनिक स्कूल निर्माण के लिए शिलान्यास कर काम शुरू कर दिया गया है। बीकानेर सैनिक स्कूल शुरू हो चुका है और एडमिशन प्रक्रिया 2026 में शुरू होगी।

इन महिला सैनिक स्कूलों से लड़कियों को सेना और पैरा-मिलिट्री में जाने के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी।

## Newspaper of 19 December, 2025

- **मुख्यमंत्री ने आउटबॉड पोर्टेबिलिटी का शुभारंभ किया; आयुष्मान आरोग्य योजनान्तर्गत दूसरे राज्यों में भी कैशलेस इलाज करा सकेंगे–**

मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य बीमा योजना के तहत अब राजस्थान के कार्डधारी मरीज दूसरे राज्यों में भी इस योजना का लाभ ले सकेंगे। 19 दिसंबर, 2025 को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने धौलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन में मुख्यमंत्री, आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत आउटबॉड पोर्टेबिलिटी का शुभारम्भ किया। ऐसा करने वाला राजस्थान देश का पहला राज्य बन गया है। इस व्यवस्था के तहत प्रदेशवासी अब अन्य राज्यों में भी कैशलेस इलाज करा सकेंगे।

- **18 दिसंबर, 2025 को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में सरस राजसखी राष्ट्रीय मेले का शुभारंभ किया। इस राष्ट्रीय मेले में देश एवं प्रदेश की विभिन्न महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा विभिन्न उत्पादों की स्टॉल लगाई गयी जिनमें देश के विभिन्न हिस्सों की ग्रामीण परंपरा, लोककला, लोक शिल्प, वस्त्र परंपराएँ, हैंडलूम एवं हैंडीक्राफ्ट उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया जा रहा है। जिसमें 24 राज्यों की लगभग 300 स्टॉल्स लगाई गई हैं।**

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## Newspaper of 24 December, 2025

■ **लीगल ऑफिसर पोर्टल का विधि मंत्री ने शुभारंभ किया–**

हाल ही में राज्य के विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने शासन सचिवालय में विधि एवं विधिक विभाग के 'लीगल ऑफिसर पोर्टल' का शुभारंभ किया। लीगल ऑफिसर पोर्टल के माध्यम से कार्मिकों से संबंधित डेटा का प्रभावी और सुरक्षित प्रबंधन किया जा सकेगा। इस पोर्टल से स्थानांतरण प्रक्रिया और विभाग, कार्मिकों के बीच पत्राचार अधिक सरल, पारदर्शी और सुगम हो सकेगा।

भविष्य में विभागीय कार्यप्रणाली को पूरी तरह पेपरलेस बनाने में यह पोर्टल सहायक सिद्ध होगा और विधि सेवा के कार्मिकों को एक ही मंच पर विभागीय सेवाएँ उपलब्ध हो सकेंगी।

## Newspaper of 25 December, 2025

■ **राजस्थान के तीन खिलाड़ियों को इस बार अर्जुन अवार्ड के लिए नामित किया गया है। इनमें पोलो के लिए जयपुर के पद्मनाथ सिंह, खो-खो के लिए कुचामन सिटी, नागौर की निर्मला भाटी और पैरा शूटिंग के लिए रुद्रांश खण्डेलवाल हैं। पद्मनाभ भारतीय पोलो टीम के कप्तान रह चुके हैं। निर्मला नई दिल्ली में विश्वविजेता खो-खो टीम की सदस्य थी। निर्मला ने वजीर की भूमिका निभाई थी। इसी तरह भरतपुर के शूटर रुद्रांश खंडेलवाल ने भी पिस्टल में वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। साथ ही वर्ल्ड कप में मेडल भी जीते। पेरिस पैरालम्पिक में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया था।**

## Newspaper of 26 December, 2025

■ **जयपुर के मानसरोवर स्थित 'सिटी पार्क' में ₹ 30 करोड़ से 'अटल लोकतंत्र उपवन' बनेगा; ई-लाइब्रेरी की सुविधा भी मिलेगी–**

25 दिसंबर, 2025 को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर जयपुर के मानसरोवर स्थित सिटी पार्क में 'अटल काव्य स्मारक' के निर्माण की घोषणा की है।

उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से ई-लाइब्रेरी व पुस्तकालय की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। साथ ही उन्होंने जयपुर में 'अटल लोकतंत्र उपवन' बनाए जाने की भी घोषणा की। इसके लिए उन्होंने 30 करोड़ रुपए के बजट आवंटन की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल वाजपेयी के विचारों को जीवंत रखने के साथ ही लोकतंत्र, साहित्य और राष्ट्रीय चेतना को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम बनेगी। उल्लेखनीय है कि 'अटल लोकतंत्र उपवन' भारतीय लोकतंत्र व संसदीय परंपराओं को समर्पित एक हरित सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। वहीं, 'अटल काव्य स्मारक' काव्य साहित्य को समर्पित एक प्रेरणादायी और जीवंत केन्द्र होगा।

## Newspaper of 29 December, 2025

■ **जयपुर में पहली बार आर्मी-डे परेड, अपाचे का फ्लाइपास्ट, ब्रह्मोस की ताकत दिखेगी; 78वाँ आर्मी-डे 15 जनवरी को मुख्य परेड सुबह 10 बजे से महल रोड पर जयपुर में होगी–**

15 जनवरी, 2026 को 78वाँ आर्मी-डे का आयोजन पहली बार राजस्थान में होने जा रहा है। यह परेड जयपुर के महल रोड पर 3 किमी. पर होगी। इस वर्ष के सेना दिवस की थीम भारतीय सेना शौर्य एवं बलिदान की परंपरा रखी है। खास बात यह है कि परेड में पहली बार अमेरिका निर्मित अपाचे हेलिकॉप्टर, आर्मी की नई बनी भैरव बटालियन और 61वीं कैवलरी के घुड़सवारों के दल को भी शामिल किया गया है। ब्रह्मोस मिसाइल की ताकत भी दिखेगी। इसी दिन शाम को एसएमएस स्टेडियम में ऑपरेशन सिंदूर की शौर्य गाथा भी प्रदर्शित की जाएगी।

आजादी से पहले सेना की कमान अंग्रेजों के पास थी। 15 जनवरी, 1949 को फील्ड मार्शल के. एम. करिअप्पा पहले भारतीय कमांडर-इन-चीफ बने। इसी ऐतिहासिक दिन की याद में हर साल सेना दिवस मनाया जाता है। 2022 तक यह राजधानी नई दिल्ली में मनाया जाता था। आमजन को सेना का शौर्य दिखाने के लिए अन्य राज्यों में परेड का आयोजन किया जाने लगा। शुरुआत 2023 में बेंगलुरु से हुई। 2024 में लखनऊ और 2025 में पुणे में परेड हुई थी। इस बार 2026 मे जयपुर को चुना गया।

**परेड में इनका प्रदर्शन होगा–**

- **ब्रह्मोस मिसाइल–**ब्रह्मोस को सबसे तेज सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों में से एक माना जाता है। यह भारत-रूस के संयुक्त सहयोग से बनी है और भारतीय सेना की घातक मिसाइलों में शामिल है। मारक क्षमता-290-500 किमी
- **अपाचे अटैक हेलिकॉप्टर–**4 स्टिंगर मिसाइल लेकर उड़ान भरता है, 16 हेलफायर मिसाइलें दागने की क्षमता, 76 मिसाइलें लोड हो सकती हैं, 30 एमएम के 1200 राउंड फायर कर सकता है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- **भैरव बटालियन**–भैरव कमांडो को हाई-रिस्क ऑपरेशन के लिए तैयार किया गया है। आतंकवाद, नक्सलवाद और संगठित अपराध से निपटने में सक्षम।

## Newspaper of 31 December, 2025

### ■ जन आधार कार्ड अब डिजीलॉकर पर भी उपलब्ध हागा, हॉर्ड कॉपी की आवश्यकता नहीं होगी, असली दस्तावेजों के बराबर ही प्रामाणिक होगा–

प्रदेश में अब जन आधारकार्ड भारत सरकार के डिजीलॉकर पर भी उपलब्ध करा दिया गया है। आमजन सरकारी सेवाओं का लाभ लेने के लिए ऑनलाइन ही जनआधार उपलब्ध करवा पाएंगे। उन्हें अब हॉर्ड कॉपी रखने की आवश्यकता नहीं, डिजीलॉकर में उपलब्ध दस्तावेज असली दस्तावेजों के बराबर ही प्रमाणिक माने जाएँगे। ई-गवर्नेंस प्रणाली के माध्यम से आमजन को सरल, सुलभ और त्वरित सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य को ध्यान में रख कर सरकार ने यह व्यवस्था उपलब्ध करवाई है। अब लोगों से दस्तावेज मांगे जाने पर वे डिजीलॉकर से ही जन आधार डिजीटल फॉर्मेट पर उपलब्ध करवा सकते हैं।

जन आधार के माध्यम से ही लोगों को राज्य सरकार की 200 से भी अधिक योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ दिया जा रहा है। जन आधार प्रदेश का एक पारिवारिक डेटाबेस है। राज्य से सभी लाभ जन आधार के माध्यम से देय है। इसके साथ ही जन आधारकार्ड को व्यक्तिगत, उनके पते और रिश्तों की पहचान के रूप में भी मान्यता प्राप्त है। यह इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय की एक प्रमुख पहल है। डिजीलॉकर का उद्देश्य नागरिकों का डिजिटल सशक्तीकरण और महत्त्वपूर्ण दस्तावेज कभी भी कहीं भी की अवधारणा को साकार करना है। इन दस्तावेजों को मूल भौतिक दस्तावेजों के बराबर माना जाता है।

### ■ उपभोक्ताओं को अब बिना छत के भी मिलेगा सोलर बिजली का फायदा; पहली बार लागू हुई वर्चुअल और ग्रुप नेट मीटरिंग व्यवस्था–

प्रदेश में जिन उपभोक्ताओं के पास अपनी छत नहीं है, वे भी सोलर बिजली बना सकेंगे। प्रदेश में वर्चुअल नेट मीटरिंग और ग्रुप नेट मीटरिंग व्यवस्था पहली बार लागू कर दी गई है। राजस्थान विद्युत नियामक आयोग द्वारा संशोधित विनियम-2025 जारी होने के बाद डिस्कॉम्स ने इसके क्रियान्वयन के निर्देश भी जारी कर दिए हैं। इस फैसले से अपार्टमेंट में रहने वाले लोग, गांव-ढाणी के उपभोक्ता, सरकारी-निजी कार्यालय, स्कूल-अस्पताल और उद्योग अब किसी अन्य स्थान पर सोलर प्लांट लगाकर अपनी बिजली जरूरत पूरी कर सकेंगे। इससे न केवल बिजली बिल घटेगा, बल्कि सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा का दायरा भी बढ़ेगा। अब सोलर प्लांट छत पर ही नहीं बल्कि बालकनी, खाली जमीन, सार्वजनिक भूमि और जलाशयों पर भी लगाए जा सकेंगे।

□□□

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

# संजीव®


**50 वर्षों से आपका विश्वसनीय**

## आपकी सफलता में सदैव आपका सहयोगी

## कैलाश नागौरी की प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा हेतु हिन्दी की उपयोगी पुस्तकें




## संजीव प्रकाशन द्वारा प्रकाशित प्रमुख पुस्तकें




संजीव प्रकाशन

Join Our App

संजीव Telegram चैनल, App एवं Website से परीक्षा उपयोगी पाठ्य सामग्री निःशुल्क प्राप्त करें। साथ ही संजीव App एवं वेबसाइट से आप Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।

संजीव प्रकाशन

Join Our Telegram

प्रकाशक-संजीव प्रकाशन, जयपुर

Visit us at : www.sanjivprakashan.com